No. of Printed Pages/Questions: 4/5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - I (2023 – 2024)

Class –XI **MM:20**

Subject: HINDI **Time: 1 Hr**

Name: _____________ Roll No.:___________

General Instructions:* *All questions are compulsory

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को विकल्प से चयन कीजिए – **(1X4=4)**

गोदान प्रेमचंद जी की अमर कृतियों में से एक है, जिसमें ग्रामीण भारत की आत्मा का करुण चित्र साकार हो उठा है। इसी कारण कई मनीषी आलोचक इसे ग्रामीण भारतीय परिवेशगत समस्याओं का महाकाव्य मानते हैं, तो कई विद्‌वान इसे ग्रामीण–जीवन और कृषि–संस्कृति का शोक गीत स्वीकारते हैं। कुछ विद्‌वान तो ऐसे भी हैं कि जो इस उपन्यास को ग्रामीण भारत की आधुनिक 'गीता' तक स्वीकार करते हैं, जो कुछ भी हो 'गोदान' वास्तव में मुंशी प्रेमचंद का एक ऐसा उपन्यास है, जिसमें आचार–विचार, संस्कार और प्राकृतिक परिवेश जो गहन करुणा से युक्त है, प्रतिबिंबित हो उठा है।डॉ0 गोपाल राय का कहना है कि 'गोदान' ग्राम जीवन और ग्राम संस्कृति को उसकी संपूर्णता में प्रस्तुत करने वाला अद्‌वितीय उपन्यास है, न केवल हिंदी के वरन् किसी भी भारतीय भाषा के किसी भी उपन्यास में ग्रामीण समाज का ऐसा व्यापक यथार्थ और सहानुभूतिपूर्ण चित्रण नहीं हुआ है। ग्रामीण जीवन और संस्कृति के अंकन की दृष्टि से इस उपन्यास का वही महत्व है, जो युग जीवन की अभिव्यक्ति की दृष्टि से महाकाव्यों का हुआ करता था। इस प्रकार डॉक्टर राय गोदान को आधुनिक युग का महाकाव्य ही नहीं स्वीकारते, वरन् सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य स्वीकारते हैं। उनके इस कथन का यही आशय है कि प्रेमचंद जी ने ग्राम–जीवन से संबद्0ध सभी पक्षों का न केवल अत्यंत विशद चित्रण किया है , वरन् उनकी गहराइयों में जाकर उनके सच्चे चित्र भी प्रस्तुत कर दिए हैं।

प्रेमचंद जी ने जिस ग्राम–जीवन का चित्र गोदान में प्रस्तुत किया है, उसका संबंध आज के ग्रामीण परिवेश न होकर तत्कालीन ग्राम जीवन से है। ग्रामीण जीवन को वास्तविक आधार प्रदान करने के लिए प्रेमचंद जी ने चित्र के अनुरूप ही कुछ ऐसे खाँचे अथवा चित्रफलक निर्मित किए हैं, जो चित्र को यथार्थ बनाने में

सहयोगी सिद्ध हुए हैं। ग्रामीण किसानों के घर– द्वार खेत–खलिहान और प्राकृतिक दृश्यों का ऐसा वास्तविक चित्रण अन्यत्र दुर्लभ है।

(i) गोदान किस प्रकार की विधा है ?

अ काव्यग्रंथ ब उपन्यास

स कथाकृति द महाकाव्य

(ii) कथन – गोदान को ग्रामीण भारत की आधुनिक गीता कहा गया है

कारण – गोदान में धर्म संबंधी उपदेश दिए गए है।

अ केवल कथन सही है

ब केवल कारण सही है

स कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है

द कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है

(iii) गद्यांश के अनुसार गोदान को निम्नलिखित में से क्या संज्ञा दी जा सकती है ?

1 कृषि–संस्कृति का शोक गीत

2 ग्रामीण भारतीय परिवेशगत समस्याओं का महाकाव्य

3 करुणा से युक्त कविता

4 ग्रामीण जीवन का शोकगीत

अ केवल 1,3,4 ब केवल 2,3,4

स केवल 1,2,4 द केवल 1,2,3

(iv) प्रेमचंद जी ने जिस ग्राम्य जीवन का चित्र गोदान में प्रस्तुत किया है, उसका संबंध है–

अ आज के ग्रामीण परिवेश से | ब तत्कालीन ग्राम–जीवन से

स दोनों ही समय के ग्रामीण–जीवन से | द किसी भी समय से नहीं

प्रश्न 2 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X2=2)**

(i) मुंशी वंशीधर के पिता उन्हें क्या समझाने का प्रयास कर रहे हैं ?

अ आज के समय में ईमानदारी से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है

ब आज के समय में बेईमानी ही सब कुछ है

स बेईमान व्यक्ति की कहीं भी पूछ नहीं होती

द ऊपरी कमाई मत करना

(ii) 'निंदा और बौछारे किसके लिए हो रही थी ?

अ पंडित अलोपीदीन के लिए | ब कानून के लिए

स मुंशी वंशीधर के लिए | द उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 3 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X4=4)**

(i) शास्त्रीय संगीत का स्थायी भाव क्या है ?

अ चपलता | ब ओज

स साहस | द गंभीरता

(ii) भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर पाठ का प्रमुख लक्ष्य क्या है ?

अ संगीत में अभिरुचि पैदा करना | ब लता मंगेशकर का परिचय देना

स शास्त्रीय संगीत से परिचय कराना | द चित्रपट संगीत को प्रकाशित करना

(iii) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन : आजकल घरों में सुनाई देने वाले बच्चों के गाने में बड़ा अंतर हो गया है। आजकल के नन्हें–मुन्हें भी स्वर में गुनगनाते हैं।

कारण : लता इस जादू का कारण है।

अ कथन सही व कारण गलत है | ब कथन गलत व कारण सही है

स कथन व कारण दोनों गलत है	द कथन व कारण दोनों सही है

(iv) लता के गाने में कौन–सा 'रस' विशेष प्रभावशाली रीति से व्यक्त होता है ?

अ शांत रस	ब स्वरलिपि

स करुण रस	द नादमय उच्चार

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3+2=5)**

क वंशीधर के पिता ने उसे कौन–कौन–सी नसीहतें दी ? 'नमक का दारोगा' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ख मुंशी वंशीधर को सरकारी नौकरी से क्यों हटा दिया गया ?

प्र05 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3+2=5)**

क कबीर का मानना है– ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं ?

ख कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है ?

–––000–––